Title: Need to provide adequate funds to State Government of Uttar Pradesh to check severe Erosion being caused by river Ganga between Rampurrai Ghati and Balawali in Hardwar Parliamentary constituency.

श्री हरपाल सिंह साथी (हरिद्वार) : मेरे संसदीय क्षेत्र हरिद्वार के अन्तर्गत रामपुरराय घटी से बालावाली तक की हजारों एकड़ किसानों की उपजाऊ भूमि गंगा नदी के कटान के कारण समाप्त हो गई है और आगे उसकी रोकथाम की उचित व्यवस्था न होने के कारण और भूमि के नुकसान की सम्भावना बनी हुई है, जिसके कारण किसानों में भारी रो‍ा व्याप्त है।

अतः मैं आपके माध्यम से सम्बन्धित मंत्री महोदय से अनुरोध करना चाहता हूं कि गंगा नदी के कटान की रोकथाम के लिए अविलम्ब कोई कार्य योजना बनाई जाए ताकि भविय में किसानों की भूमि कटान रुक सके। इसके लिए उत्तर प्रदेश राज्य सरकार को आवश्यक धनराशि उपलब्ध कराई जाए।